# नौएडा मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लि.

(भारत सरकार एवं उ. प्र. सरकार का संयुक्त उपक्रम)

**Noida Metro Rail Corporation Ltd.**

(A joint venture of Govt. of India and Govt. of U.P.)


## प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 08.07.2025

नोएडा मेट्रो रेल कारपोरेशन में वर्ष 2018–19 में कुल 470 कर्मियों की नियुक्ति दिल्ली मेट्रो रेल कारपोरेशन के माध्यम से की गयी थी। कर्मचारियों की पदोन्नति को दृष्टिगत रखते हुए एन.एम.आर.सी. की पदोन्नति एवं भर्ती नियमावली दिनांक 02.08.2023 को 36वीं बोर्ड बैठक में अनुमोदित की गयी थी, जिसके उपरान्त एन.एम.आर.सी. के विभिन्न कैडरों में नियमानुसार पदोन्नति की गयी :–

| पदोन्नति सूची – Year 2024-25 | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **क्र. सं.** | **पदनाम** | **पदोन्नति उपरान्त पदनाम** | **कर्मियों की संख्या** | **प्रतिशत** |
| 1. | Maintainer | Sr. Maintainer | 155 | 100% |
| 2. | CRA | Sr. CRA | 46 | 100% |
| 3. | SC/TO | Sr. SC/TO | 155 | 100% |
| 4. | Jr. Engg. | Asst. Section Engg. | 105 | 100% |
| 5. | Office Assistant | Sr. Office Assistant | 3 | 100% |
| 6. | Account Assistant | Sr. Account Assistant | 5 | 100% |
| 7. | DGM (Tele) | JGM (Tele) | 1 | !00% |
| | | **Total** | 470 | |

बोर्ड बैठक के अनुमोदनोपरान्त एवं कर्मियों की वार्षिक गोपनीय प्रवृष्ठि व व्यक्तिगत पत्रावली के परीक्षणोंपरान्त समिति की संस्तुति के आधार पर गत माह 432 कर्मचारियों की पदोन्नति की गयी, शेष 38 कर्मचारियों की पदोन्नति आज दिनांक 08.07.2025 को कुल 470 कर्मियों की पदोन्नति की गयी है, इससे कर्मियों के मनोबल में भारी उत्साहवर्धन हो रहा है एवं साथ ही साथ एन.एम.आर.सी. के कार्यों पर अनुकूल प्रभाव पड़ेगा।

इस अवसर पर एन.एम.आर.सी. के प्रबन्ध निदेशक श्री लोकेश एम., आई0ए0एस0 द्वारा हाल ही में किये गये पदोन्नत कर्मचारियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी, उन्होंने कहा कि यह पदोन्नति केवल व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं है बल्कि एन.एम.आर.सी. के उस निरन्तर प्रयास का हिस्सा है जो कर्मचारियों के आजीविका, विकास और मनोबल को सशक्त बनाने को किया जा रहा है।

प्रबन्ध निदेशक महोदय ने कहा कि ये सभी कर्मचारी लम्बे समय से अपने समर्पण और मेहनत के बल पर इस उपलब्धि के पात्र बने हैं। एन.एम.आर.सी. को अपने मानव संसाधनों की क्षमता और प्रतिबद्धता पर गर्व है। यह पदोन्नति न केवल उनके प्रोफेशनल जीवन में एक मील का पत्थर है बल्कि यह एन.एम.आर.सी. संस्था की उस सकारात्मक सोच का भी दर्शाता है, जिसमें हम अपने कर्मियों के उज्जवल भविष्य की ओर ठोस कदम बढ़ा रहे हैं, उन्होंने यह भी कहा कि इस निर्णय से एन.एम.आर.सी. की पारदर्शी और कर्मचारी केन्द्रित नीतियों का प्रमाण है, जो कि संगठनात्मक विकास के साथ–साथ कर्मचारियों के व्यक्तिगत विकास को भी प्राथमिकता देती है।

इस अवसर पर एन.एम.आर.सी. में नवपदोन्नत कर्मचारियों की ओर से प्रबन्ध निदेशक महोदय श्री लोकेश एम. एवं कार्यकारी निदेशक महोदय श्री महेन्द्र प्रसाद जी का आभार व्यक्त करते हुए पुष्प गुच्छे एवं शॉल भेंट कर मान–सम्मान किया गया।

**(अनुपमा परमार)**
**महाप्रबन्धक (वित्त/एच.आर./सा.प्र.)**
**एन.एम.आर.सी, नौएडा**


Block -III, 3rd Floor, Ganga Shopping Complex, Sector-29, Noida -201301, Distt. Gautam Budh Nagar, Ph. :0120-2450662/64
E-mail : nmrcnoida@gmail.com, Website : www.nmrcnoida.com, GST No. 09AAECN8020C1ZR


Scanned with OKEN Scanner